## एक नजर में

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर यूनिवर्सल हेल्थ डे पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कसरावद,निप्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय मंडलेश्वर के निर्देश एवं तहसील विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष मीता पवार जन्देल के मार्गदर्शन में यूनिवर्सल हेल्थ डे के उपलक्ष में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसरावद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पैरालीगल वॉलिंटियर आकिल खान ने उपस्थित नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी अधिकारों, रोगों की रोकथाम, तथा विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर पैरा लीगल वॉलिंटियर देवदत्त एक्कल, डॉक्टर सुदर्शन गोखले, जगदीश वर्मा, तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से डॉ. संतोष बडोले (बीएमओ), डॉ. करिश्मा पाटीदार, स्त्री रोगज्ञ रेणुका चौहान, उमा यादव, गिरनार सिंह भूरिया, धीरज जोशी सहित समस्त स्वास्थ्य कर्मी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों में स्वास्थ्य सुरक्षा, कानूनी अधिकारों तथा सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जागरूकता बढ़ाना रहा।




### पैरालीगल वालंटियर द्वारा किया जा रहा नेशनल लोक अदालत का प्रचार- प्रसार

**बड़वाह,निप्र।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार 13 दिसंबर को न्यायालय परिसर में होगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर के निर्देशानुसार पैरालीगल वालंटियर द्वारा प्रचार -प्रसार किया जा रहा है। लोगों को लंबित दीवानी, परिवारिक विवाद, दुर्घटना दावा, चेक बाउंस, श्रम न्यायालय के प्रकरण, उपभोक्ता विवाद, नगर पालिका के जलकर, संपत्ति कर, फौजदारी प्रकरण, भरण पोषण, भू अर्जन व अन्य राजीनामा योग्य मामलों का समझौते के आधार पर समाधान की सलाह दी जा रही है। नेशनल लोक अदालत में समझौता के माध्यम से प्रकरणो का निराकरण होने से पक्षकारों के मध्य सदभाव बना रहता है। लोक अदालत का प्रचार- प्रसार ग्रामीण क्षेत्रों में पैरालीगल वालंटियर सुश्री दीपमाला शर्मा, अंजली कर्मा, प्राची सोनी, सोनाली आवासे, दिव्या मालवीया द्वारा किया जा रहा है।



### 14 को दिल्ली पहुंचेंगे कांग्रेस कार्यकर्ता

**खरगोन,निप्र।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 14 दिसंबर को दिल्ली में कांग्रेस पार्टी वोट चोर गद्दी छोड़ रैली की जा रही है। उक्त रैली में जिले से बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजेश मंडलोई ने जिले में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पूरे जोर-शोर से चलाया था। इसी तारतम्य में 14 तारीख को दिल्ली में होने वाली रैली में जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक के साथ जिले के सभी विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी, युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचेंगे।

### लीलाबाई के मकान का निरीक्षण किया

**अंदड, निप्र।** ग्राम पंचायत चौडी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निरीक्षण एवं सत्यापन कार्य किया जा रहा है, इसके तहत पंचायत के सचिव उमेश यादव द्वारा बताया गया कि पिछले साल 241 हितग्राहियों के आवेदन आए थे जिनका पा त्र हितग्राहियों का इस्पात निरीक्षण एवं सत्यापन कार्य किया जा रहा है पंचायत क्षेत्र के ही लंगडीबै ड़ी फा लिया में लीलाबाई के मकान का निरीक्षण किया पंचायत के रोजगार सहायक गोरेलाल बजल दे द्वारा बताया गया कि हफ्ते के अंदर सभी आवास योजना का सत्यापन कार्य कर लिया जाएगा।



### कलेक्टर ने की शिक्षा व जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा बैठक

**खरगोन,निप्र।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता में 12 दिसंबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने एजुकेशन पोर्टल 3 .0 पर चाइल्ड प्रोफाइल अपडेट न करने वाले संकुल प्राचार्यों पर नाराजगी जाहिर की। इस दौरान उन्होंने सभी संकुल प्राचार्यों को निर्देश दिए कि जिन स्कूलों में छात्रवृत्ति फॉर्म अपडेट नहीं हैं, उन्हें कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित ई-दक्ष केंद्र में बुलाकर स्वयं एंट्री करवाएं। साथ ही वर्ष 2025-26 की छात्रवृत्ति स्वीकृति की भी समीक्षा की। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने बड़वाह बीईओ को अपने संकुल प्राचार्यों की समीक्षा न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 15 जनवरी 2026 तक सभी पेंडेंसी पूर्ण समाप्त हो जाए। कलेक्टर ने सख्त चेतावनी दी कि ई-अटेंडेंस का कड़ाई से पालन किया जाए। इसमें सुधार न होने पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं एसी ट्राइबल का वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि ई-अटेंडेंस के आधार पर ही वेतन भुगतान किया जाएगा, अन्यथा उन्हें अनुपस्थित माना जाएगा। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने बोर्ड परीक्षा परिणाम सुधारने के संबंध में निर्देश दिए कि जहां परीक्षा परिणाम कम हैं, वहां अतिरिक्त कक्षाएं लगाई जाए। साथ ही 50 प्रतिशत से कम परिणाम वाले संकुलों की शालावार समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर ने आउट ऑफ स्कूल बच्चों की प्रोफाइल अपडेट करने, एकलव्य, सीएम राइज एवं कन्या शिक्षा परिसरों में शिक्षक की कमी न रखने व बच्चों को नियमित क्वेश्चन बैंक सॉल्व कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री एसके कानुड़े, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री इकबाल आदिल हुसैन, जिला परियोजना समन्वयक श्री खेमराज सेन, सहायक संचालक सुश्री सोनालिका आचाले, संकुल प्राचार्य सहित अन्य उपस्थित रहे।



### खरगोन जिले के दो खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

**खरगोन,निप्र।** 69वें राष्ट्रीय शॉलेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में जिले के जनजातीय कार्य विभाग की संस्था से दो खिलाड़ियों का चयन मध्य प्रदेश के शॉलेय दल में हुआ है। यह राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता अयोध्या उत्तर प्रदेश में आयोजित होगी। इसके पूर्व प्री नेशनल कोचिंग कैंप राजगढ़ में 13 से 17 दिसंबर 2025 तक आयोजित होगा। इसके पश्चात मध्य प्रदेश का दल अयोध्या उत्तर प्रदेश में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 20 से 24 दिसंबर तक सहभाग करेगा। सांदीपनि विद्यालय सेगांव के छात्र अनुराग जितेंद्र चौहान एवं शासकीय कन्या उमावि सेगांव की छात्रा सपना शांतिलाल डावर का चयन राष्ट्रीय शॉलेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में हुआ है। खिलाड़ियों के चयन एवं प्रोफेशनल कोचिंग कैंप के लिए रवाना होने के अवसर पर विभाग प्रमुख एवं सहायक आयुक्त श्री इकबाल आदिल हुसैन एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री अश्विन गुप्ता ने खिलाड़ियों का पुष्प हार से अभिनंदन कर एवं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। साथ ही कोच श्री भास्कर पाटील को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त श्री आदिल ने कहा कि खेलों में उच्च स्तर पर जाना जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि जनजातीय कार्य विभाग के खेलों की श्रेष्ठता के लिए बधाई दी। इस अवसर पर श्री राजेंद्र मंडलोई, अर्पित सोनी एवं सचिन उपस्थित थे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उपायुक्त अनुसूचित जाति एवं जनजाति कार्य विभाग इंदौर श्री बृजेश पांडे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री संदीप कापडनीस एवं प्राचार्य श्री अशोक कुमरावत ने हर्ष व्यक्त कर खिलाड़ी छात्र-छात्रा को बधाई दी है।



# सभी जनपद सीईओ को कार्य शीघ्र करने के निर्देश दिए

## कलेक्ट्रेट सभाग्रह में जिला वाटरशेड विकास सलाहकार समिति की बैठक में कलेक्टर ने की समीक्षा

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन,निप्र।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता में 12 दिसंबर को कलेक्ट्रेट सभाग्रह में जिला वाटरशेड विकास सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान बैठक में जनपद सीईओ के हाई कोर्ट लंबित प्रकरणों एवं वृंदावन ग्राम योजना के स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि जो सब इंजीनियर कार्य नहीं कर रहे, उन पर सख्त कार्यवाही की जाए और लेबर बजट में मस्टर जारी किये जाए। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने कहा कि खेत तालाब अंतर्गत जितने तालाबों का वित्तीय कार्य हुआ है, उतने कार्यों का भौतिक कार्य भी पूर्ण किया जाए। उन्होंने अगले माह तक जल गंगा संवर्धन के सभी कार्य समाप्त करने एवं पेमेंट से पूर्व फोटो लेकर क्रॉस वेरिफिकेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी जनपद सीईओ को खेत तालाबों का दैनिक समीक्षा करने एवं जनवरी माह तक 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया। जिस भी सब इंजीनियर का कार्य जनवरी अंत तक संतुष्टिपूर्ण नहीं रहेगा, उनके विरूद्ध सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जाएगी। सभी सब इंजीनियरों को मस्टर जारी कर प्रतिदिन कार्य करवाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने जल गंगा संवर्धन योजना के तहत डगवेल रिचार्ज कार्य 15 जनवरी तक 100 प्रतिशत पूर्ण करने निर्देश दिए है। इस दौरान उन्होंने अमृत सरोवर की जनपदवार प्रगति की समीक्षा की और पुराने चल रहे जल संवर्धन कार्यों के टारगेट फिक्स करने के निर्देश दिए गए। एक बगिया मां के नाम की समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत तार फेंसिंग कराने के निर्देश दिए गए। इस दौरान कलेक्टर सुश्री मित्तल ने जिला पंचायत सीईओ द्वारा किए गए निरीक्षण में पाई कमियों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। नल जल वसूली के लिए चयनित ग्रामों की प्रगति जानी और समूहों का रिव्यूय लेकर निष्क्रिय समूहों को बदलने की कार्यवाही करने को कहा। इस दौरान उन्होंने जनपद सीईओ को हर माह बीसी व समूहों की बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए। समूह द्वारा चलाई जा रही उचित मूल्य दुकानों की समीक्षा भी की। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने पीएम आवास प्लस 2024-25 में तृतीय किस्त प्राप्त हितग्राहियों की छत डालने, बालक-बालिका स्कूल शौचालय कार्य की प्रगति, आंगनवाड़ी भवन बाल सुलभ शौचालय, विधायक-सांसद निधि कार्यों 2023-24 एवं पूर्व के कार्यों को पूर्ण करने तथा शाला मरम्मत के कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शाला मरम्मत के कार्यों को प्राथमिकता से लें और जो मरम्मत योग्य नहीं है वहां एक अतिरिक्त कक्ष बनाने के प्रस्ताव भेंजे जाए।




# 6 बाइकों के साथ चार चोर गिरफ्तार

**बड़वाह,निप्र।** पुलिस ने 4 आरोपियों से चोरी की 6 बाईकें बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों पर जिले सहित खंडवा- बुरहानपुर के विभिन्न थानों पर पूर्व में भी चोरी, लूट, आर्म्स और आबकारी एक्ट के मामले दर्ज है। थाना बड़वाह पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि थानाक्षेत्र से चोरी हुई बाईक मामलों में विवेचना के दौरान सीसीटीव्ही फुटेजो को बारीकी से खंगाला गया, इसमें संदिग्धों को चिन्हित कर तलाश की जा रही थी। इसी दौरान संदिग्ध पवन जसोदिया पिता रमेश जसोदिया निवासी ग्राम तराना उज्जैन रोड़ थाना सांवेर जिला इन्दौर, गोकुल पिता रमेश परमार निवासी ग्राम तराना उज्जैन रोड़ थाना सांवेर जिला इन्दौर, बबलू उर्फ योगेन्द्र पिता मानसिंह देसला निवासी कुवाजा बैडी पिपल्या बुजुर्ग थाना करही और छोटेलाल पिता तोताराम वास्कले निवासी इंधावडी थाना नर्मदानगर जिला खण्डवा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस पूछताछ में यह टूट गए ओर बड़वाह क्षेत्र से 04 मोटर साइकल एवं अन्य 02 मोटर साइकलों को चोरी करना स्वीकार किया। इनकी निशानदेही पर बाईक क्रमांक एमपी 10 एनई 9850, एमपी 10 झेडबी 0785, एमपी 12 एमडी 8753, एमपी 12 एमआर 2591, एमपी 10 एमजे 1093 और एमपी 10 एमएन 0168 जब्त की है। जब्तशुदा बाईकों का मूल्य 3 लाख रुपए आंका गया है।




# रहीमपुरा में दिनदहाड़े पथराव, जांच में जुटी पुलिस



**खरगोन,निप्र।** कोतवाली क्षेत्र के रहिमपुरा क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक रहवासियों में अज्ञात लोगों ने पथराव कर दिया, जिससे कुछ देर के लिए क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर जांच शुरु की है। मकान मालिक दंपत्ति सतीश और सपना सोलंकी ने मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी बीएल मंडलोई को बताया कि उन्होंने बीती रात कुछ लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत की थी, उन्हें आशंका है कि रंजिश की भावना के चलते यह पथराव किया। पत्थरबाजी में घर के सामान को नुकसान पहुंचा है, वहीं एक बच्चे को हल्की चोंटे आई है। थाना प्रभारी मंडलोई ने बताया रहीमपुरा में पत्थरबाजी की घटना हुई है। अपराध पंजीबद्ध कर जांच की जा रही है।

## स्लॉट बुक कराने के लिए किसानों में मची होड़ मोबाइल से कर रहे बुक कराने का प्रयास



**गोगावा,निप्र।** किसानों के लिए सीर दर्द बनी स्लॉट बुक कराने की समस्या आसान होती नही दिख रही है किसान आकाश यादव बिलखेड़ बुजुर्ग का कहना है की मध्यप्रदेश सरकार के इस सिस्टम से हम किसान संतुष्ट नहीं हैं जबकि हमे कपास की उपज सरकार को ही विक्रय करना हे इन्होंने यह भी कहा की पहले इस सिस्टम में स्लॉट बुक करने के लिए कम समय दिया गया था जिससे किसान संतुष्ट नहीं था परंतु आज से इसमें समय की बड़ोत्री हुई है उधर किसान सलाउद्दीन मंसूरी अदलपुरा का कहना है कि ये तो लाटरी सिस्टम हो गया है जिसका स्लॉट बुक उसकी किस्मत खुश जैसा है हमे सरकार को कोसना भी आसान नहीं है वही अन्य ग्रामीण किसानों में भी इस सिस्टम के लागू होने से सरकार के प्रति नाराजगी देखने को मिल रही है दिनभर कैफे सेंटरो पर सलार बुक करने के लिए किसानों की भीड़ देखने को मिल रही है कोई अपने मोबाइल से बुक कर रहा है।

# महोदरी बीट बड़वाह में फास्फोराइट खनन पर हाईकोर्ट का मौखिक स्टे

**बड़वाह,निप्र।** संतों, पर्यावरण प्रेमियों बड़वाह के महोदरी बीट में फास्फोराइट खनन को लेकर इंदौर हाईकोर्ट ने बड़ा कदम उठाते हुए लगभग 699 हेक्टेयर वन क्षेत्र में खनन कार्य पर मौखिक स्थगन आदेश जारी किया है। यह आदेश उन चिंताओं के बाद आया है, जिनमें कहा गया था कि खनन से क्षेत्र के पर्यावरण, जैव विविधता, वन्य प्राणियों और धार्मिक धरोहरों को गंभीर नुकसान हो सकता है। कंपनी को भेजा नोटिस, लेकिन पते पर नहीं मिला कोई याचिकाकर्ता पंडित विवेक दुबे ने बताया कि उन्हें हाईकोर्ट का आदेश मिल गया है। इस आदेश के तहत गुरुग्राम स्थित 'कमोडिटी हब' कंपनी, जिसे इस वन क्षेत्र में खनन का ठेका दिया गया था, अब अगले आदेश तक खनन नहीं कर सकेगी। हाईकोर्ट द्वारा कंपनी को भेजा गया नोटिस उसके पते पर प्राप्त नहीं हो सका। इसी कारण कोर्ट ने मौखिक रूप से खनन पर रोक लगा दी। वहीं, भारत सरकार और मध्यप्रदेश सरकार की ओर से वकीलों ने कोर्ट में अपना जवाब दाखिल कर दिया है। पर्यावरण, पेड़ों की कटाई और नदी प्रदूषण पर जताई गई चिंता याचिकाकर्ताओं का कहना है कि खनन के लिए सड़कें बनाने में करीब पांच हजार पेड़ काटे जा सकते हैं और भविष्य में यह संख्या और बढ़ सकती है। इसके अलावा जमीन में सौ से अधिक बोरिंग की योजना है। खनन से निकलने वाला अपशिष्ट चोरल और नर्मदा नदी में जाने का खतरा है, जिससे नदी प्रदूषण का गंभीर खतरा खड़ा हो सकता है। धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों पर मंडराया खतरा सरकार इस क्षेत्र को 'मोदरी बेल्ट' नाम देती है, जो महोदरी आश्रम और महर्षि च्यवन ऋषि की तपोभूमि के कारण ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व रखती है। यहां प्राचीन जयंती माता मंदिर और जैन समाज का प्रसिद्ध सिद्धवरकूट तीर्थ भी स्थित है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि खनन इन प्राचीन स्थलों के अस्तित्व को खतरे में डाल सकता है। संतों और पर्यावरण प्रेमियों ने दायर की थी याचिका यह याचिका 11 सितंबर को पंडित विवेक दुबे, श्रीमहंत सुखदेवानंद ब्रह्मचारी (पंचान्नि अखाड़ा, इंदौर), पंडित शरद कुमार मिश्रा (दुर्गा शक्ति पीठ, महू) और पर्यावरणसंरक्षक अजय रघुवंशी द्वारा दायर की गई थी। कोर्ट अब अगली सुनवाई में मामले की विस्तृत समीक्षा करेगा।



# बाल मेले में मोहन जोदड़ो सभ्यता के साथ आधुनिक विज्ञान की जानकारी दी

**कसरावद,निप्र।** संत सियाराम इंटरनेशनल स्कूल पिपलगोन लौंदी में स्वादम आनंद उत्सव बाल मेले का भव्य आयोजन विद्यालय परिवार द्वारा किया गया। इस बाल मेले का शुभारंभ मंडलेश्वर की अनुविभागीय पुलिस अधिकारी श्वेता शुक्ला और सब जेल मंडलेश्वर की सहायक जेल अधीक्षक श्वेता मीणा द्वारा स्कूल की संस्थापक श्रीमती ममता गहलोत एवं अंकित गहलोत के साथ फीता काटकर किया गया। प्राचार्य प्रदीप शेरावत एवं उप प्राचार्य मैरी मुरियाडन द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि एस डी ओ पी श्वेता शुक्ला ने अपने प्रेरक उद्बोधन में बच्चों का आव्हान किया कि वे अपना गोल सेट करे उसके अनुसार आगे बढ़े अच्छी मेहनत करे पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा ले तभी आप एक अच्छा नागरिक बनकर जीवन में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। विशेष अतिथि सहायक जेल अधीक्षक श्वेता मीणा ने बच्चों से कहा कि परसेंटेज की दौड़ में अपना गोल नहीं भूले अच्छा परसेंटेज लाना अच्छी बात है लेकिन कम परसेंटेज लाने वाले निराश नहीं हो वे भी जीवन में अच्छा लक्ष्य हासिल कर सकते है बस आपको कड़ी मेहनत कर लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना होगा।



### विज्ञान और घोस्ट हाउस के माध्यम से बच्चों ने प्रतिभा दिखाई

स्कूल का बाल मेला कई खूबियों को समेटे हुए था एक तरफ जहां बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न तरह के झूले और अन्य मनोरंजन के साधन उपलब्ध थे। तो दूसरी तरफ विज्ञान के गूढ़ रहस्यों को आसानी से समझाते बच्चों के मॉडल देखने लायक थे। मिडिल के बच्चों ने मोहन जोदड़ो काल की सभ्यता का जीवंत चित्रण किया विज्ञान प्रदर्शनी में सौरमंडल पवन ऊर्जा हृदय की कार्य प्रणाली गणित में समय मापन क्षेत्रफल एवं त्रिकोणमिति संख्या पद्धति वैदिक घड़ी अशोक वाटिका और भूत बंगला प्रदर्शित किया।

## एक नजर में

**विद्यार्थियों के शैक्षणिक भ्रमण से पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण उद्यमिता के क्षेत्र में नई सोच और करियर की राह होगी आसान : अरूण यादव**

# कॉलेज के 200 विद्यार्थियों ने वर्मी कंपोस्ट यूनिट में सीखा जैविक खेती का मंत्र

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन,निप्र।** सुभाष यादव मेमोरियल डिग्री कॉलेज बोरावा के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के लिए गुरूवार का दिन ज्ञानवर्धक रहा, जब उन्होंने बालाजी ट्रेनिंग केंद्र, सुलगाव (धरगाव) में स्थित वर्मी कंपोस्ट प्रोसेसिंग यूनिट का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण में निदेशक डॉ. निलेश पटेल एवं प्राचार्य डॉ. नागेन्द्र मिश्रा के मार्गदर्शन में विज्ञान संकाय के लगभग 200 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उन्हें जैविक खेती और टिकाऊ ग्रामीण विकास के एक महत्वपूर्ण पहलू की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त हुई।



**विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय स्टाफ की रही उपस्थिति:-** यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के कॉलेज के प्रयासों का हिस्सा था। इस महत्वपूर्ण शैक्षिक कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय स्टॉफ सदस्य प्रो. रानू यादव, प्रो. प्रगति सांवले, बिंदिया वर्मा, प्रो. श्रद्धा वर्मा, विनोद बामनिया, प्रो. देवांशु कुमरावत और एनसीसी ऑफिसर लखन सावले सम्मिलित थे। पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव ने विद्यार्थियों को प्रेषित अपने संदेश में कहा कि संस्था अध्ययनरत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। उनकी उत्तरोत्तर शैक्षणिक उन्नति एवं आधुनिक शिक्षा के लिए संस्था सदैव प्रयत्नशील है। शैक्षणिक भ्रमण निश्चित तौर पर विद्यार्थियों को कृषि विज्ञान, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण उद्यमिता के क्षेत्र में नई सोच और करियर के अवसर प्रदान करेंगे।

### प्रोसेसिंग प्रक्रिया की मिली विस्तृत जानकारी

भ्रमण के दौरान, विद्यार्थियों ने खाद बनाने की पूरी वर्मी कंपोस्टिंग प्रोसेसिंग प्रक्रिया को करीब से देखा और समझा। उन्हें विशेष रूप से यह जानने को मिला कि कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मवेशियों के अपशिष्ट (पशु गोबर) और अन्य जैविक कचरे का उपयोग करके किस तरह उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद तैयार की जाती है। वर्मी कम्पोस्ट प्रोसेसिंग यूनिट प्रमुख मनोज पाटीदार और अमित पाटीदार ने विद्यार्थियों को विस्तार से बताया कि जैविक खेती में किस प्रकार के फर्टिलाइजर्स (खाद) का उपयोग करना लाभदायक है और यह रासायनिक खादों की तुलना में पर्यावरण तथा मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए कैसे बेहतर है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र और कृषि क्षेत्र के लोगों के लिए मवेशियों के अपशिष्ट को उपयोगी आय के स्रोत में बदलने की वैज्ञानिक और पारंपरिक विधियों की भी जानकारी दी।